26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 8 जुलाई , 2026
अंक- 254 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर जाकिर गनई ढेर, शव बरामद

## आतंकी के पास हथियार भी मिले

**जम्मू ( एजेंसी/चिंगारी )।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां इलाके में चल रहे आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन के दौरान लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकवादी मारा गया है। लश्कर के टॉप कमांडर जाकिर गनई ढेर हुआ है। उसका शव बरामद कर लिया गया है। आतंकी के पास हथियार भी मिले हैं। एक आतंकी की तलाश जारी है। अभी इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तुम भाग तो सकते हो, लेकिन छिप नहीं सकते। एसओजी शोपियां ने सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ के साथ मिलकर चलाए गए एक जॉइंट ऑपरेशन में लश्कर के एक आतंकवादी को मार गिराया। इस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की पक्की खुफिया जानकारी मिलने के बाद चार दिन पहले यह आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन शुरू किया गया था। यह रिपोर्ट लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी था। मारे गए आतंकवादी की पहचान हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, आतंकियों को 3 जुलाई को मीमंदर इलाके के एक घने बाग में लगे निगरानी कैमरों में देखा गया था। यह क्षेत्र सात गांवों में फैला हुआ है। इसके बाद सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया था।



## चंपत राय से मिले गोविंद देव

### दो घंटे बंद कमरे में चली बातचीत

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि बुधवार को पूर्व महासचिव चंपत राय से मिलने उनके आवास पहुंचे। दोनों के बीच करीब दो घंटे तक बंद कमरे में बातचीत हुई। मुलाकात के बाद गोविंद देव गिरि मीडिया से बिना बातचीत किए कैमरों से बचते हुए चुपचाप निकल गए। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब मंगलवार को चंपत राय ने एक पत्र सार्वजनिक किया था, जिसमें उन्होंने अपने पक्ष को विस्तार से रखा और इस्तीफा स्वीकार किए जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। इसके बाद हुई यह मुलाकात रामनगरी में चर्चा का विषय बन गई है।

DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!
हमारी सेवाएं :-
- दांतों की जांच एवं परामर्श
- दांतों की सफाई (स्केलिंग)
- कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
- रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- दांत निकालना (Extraction)
- कृत्रिम दांत (Dentures)
- दांतों की कैप एवं ब्रिज
- बच्चों के दांतों का उपचार
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
- दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)

समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163

DELHI PUBLIC SCHOOL
BIJNOR
WE ARE HIRING
HEAD ACCOUNTANT
Salary- 30k-40k
FEMALE CASHIER
Salary- 20k-25k
INTERESTED? CONTACT US
+91 94568 98860

27 years of Excellence
KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
बिजनौर 89.6
ADMISSION OPEN
FOR SESSION
2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- Data Science & Inrenet of Things (IoT)
- Green Technology & Sustainability Engineering
- Robotics & Electric Vehicles

M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN TCS
PACKAGE
LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


# श्रावण मास में काशीवासियों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में अलग दर्शन मार्ग होगा- योगी



**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रावण मास की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीवासियों के दर्शन के लिए अलग मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने श्रावण मास के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने काशी विश्वनाथ धाम तथा वाराणसी परिक्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन एवं रेलवे के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, खोया-पाया केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएं, आपदा प्रबंधन तथा नि:शुल्क लॉकर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

## लड़कियां पढ़ाई के दौरान प्रेग्नेंट हो जाती हैं, जिम्मेदारी सरकार पर आती है- राज्यपाल



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एकेटीयू दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं से खुलकर बात की। राजधानी के सिद्धीखेड़ा बालिका गृह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आजकल लड़के-लड़कियां पहले भाग जाते हैं। फिर लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं और ऐसे बच्चे बाद में सरकार के भरोसे हो जाते हैं। उन्हें कोई स्वीकार नहीं करता है और वे बालगृह में पहुंचा दिए जाते हैं। सामने बैठे छात्र-छात्राओं से उन्होंने कहा कि यह आप सबका पराक्रम है। ऐसा पराक्रम न करिए। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी बंगलौर पढ़ने गया था। मैंने कहा कि कोई लड़की पसंद हो तो बताना, मैं शादी कर दूंगी। हालांकि उसने ऐसा नहीं किया। आपको कोई पसंद आए तो पहले आत्मनिर्भर बनिए, फिर शादी कीजिए। मैं लव मैरिज की विरोधी नहीं हूं। लेकिन आत्मनिर्भर होने तक शादी न करिए, कुछ गलत न करिए। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी, स्कूल-कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्य की डिजाइन व उपयोगिता पर बड़े सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि यहां होने वाले निर्माण कार्यों को देखकर निराशा होती है। लाइट जलाने का बोर्ड कमरे के बीच में लगा होता है। आंगनबाड़ी में पीने के पानी के टैब इतने ऊंचे हैं कि बच्चे पहुंच नहीं पाते हैं।




# पुरैनी में स्कार्पियो की टक्कर से

## दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर गांव पुरैनी स्थित बैंक की एक शाखा से बाहर आकर स्कूटी द्वारा धामपुर जा रहे दो बुजुर्गों की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक राष्ट्रीय सेवक संघ से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भेज दिया है।



सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त पड़ी स्कॉर्पियो व स्कूटी


धामपुर के साकेत विहार कॉलोनी निवासी विजय पाल सिंह (68 वर्ष) व महावीर सिंह (67 वर्ष) सुबह करीब सवा दस बजे स्कूटी से पुरैनी पंजाब नेशनल बैंक शाखा में किसी काम से आए थे। ग्राम बसेड़ा निवासी विजयपाल सिंह सेवानिवृत शिक्षक और सराय पुरैनी निवासी महावीर सिंह जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत बताए जा रहे हैं। दोनों घनिष्ठ मित्र थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए थे। पंजाब नेशनल बैंक शाखा पुरैनी से बाहर आकर दोनों स्कूटी से अपनी लेन में जाने के लिए सड़क क्रॉस कर रहे थे तभी धामपुर की दिशा से तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई तो चालक स्कॉर्पियो छोड़कर भाग गया।



आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

# जगदीश चंद्र वर्मा का निधन

## छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये थे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अवनीश निगम के पूज्य पिताजी श्री जगदीश चंद्र वर्मा का कल रात लगभग 9 बजे निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे।

अवनीश निगम ने बताया कि वर्मा जी 2 जून की रात को छत से गिर गये थे, जिससे उनके कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया था और हेड इंजरी थी। पांच दिन मेरठ मेडिकल कालेज में भर्ती रहे, लेकिन ज्यादा एज होने के कारण आप्रेशन नहीं हो सका। वहां से लाकर उन्हें विवेक हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। इस दौरान निमोनिया हो जाने के कारण वह रिकवर नहीं कर पाये। रात सवा नौ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

श्री जगदीश चंद्र वर्मा के निधन की सूचना पाकर काफी लोग अंतिम दर्शन के लिये उनके नई बस्ती स्थित आवास पर पहुंचे। अंतिम यात्रा दोपहर बाद शुरू हुई। गंगा बैराज घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। स्व. जगदीश चंद्र वर्मा बहुत विनम्र, संवेदनशील और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। गन्ना विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद वह सामाजिक कार्यों और कविता लेखन में सक्रिय रहे। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में एक्शन, कमेटी अध्यक्ष का निजी सचिव सस्पेंड

**देहरादून ( चिंगारी )।** बद्रीनाथ मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमेटी अध्यक्ष के निजी सचिव और आरोपी प्रमोद नौटियाल को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मंदिर समिति की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, 2 जुलाई 2026 को मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला गया। इस दौरान खुलासा हुआ कि प्रमोद नौटियाल ने थाली भेंट गणना स्थान पर सामान्य गिनती के अलावा कुछ चीजें अपने मोबाइल के साथ अपने पास रख ली थीं।



## आवश्यक सूचना

हमारा एक-तीन महीने का जर्मन शेफर्ड का पिल्ला 07/07/2026 शाम 5:00 बजे से लापता है। पिल्ले का पता बताने वाले को 5000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा और बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पिल्ले के मालिक का नाम सहदेव आर्य सन ऑफ रघुनाथ सिंह गांव सिकंदरी, जिला बिजनौर। संपर्क सूत्र 9627808008



**भली लगे या बुरी...**

## कमजोर मानसून और खेती

**भारत में खेती काफी हद तक मानसूनी बरसात पर निर्भर है और पिछले वर्षों में मानसूनी बरसात में अनिश्चितता के साथ ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसमी परिघटनायें भी बार-बार सामने आई हैं। इनमें बेमौसम अचानक भारी बरसात, बादल फटना, बहुत कम बरसात जैसी घटनायें शामिल हैं, जिनसे किसानों की फसलें चौपट होने के साथ अनेक पहाड़ी व समुद्रतटीय शहरों में बाढ़ व भूस्खलन से व्यापक विनाश होता रहा है। भारत में खेती पर लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है और देश में खेती का बड़ा हिस्सा वर्षा-आधारित खेती पर निर्भर है। दक्षिण भारत के अनेक क्षेत्रों में सदानीरा नदियों की कमी है और वहां बरसात के मौसम में जल भंडारों में संचित जल का उपयोग साल भर खेती या पेयजल के रूप में किया जाता है। इस वर्ष मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जून में बरसात लगभग 40 प्रतिशत कम हुई है। इस प्रकार यह पिछले 100 साल में सबसे सूखा साल है। पहले अनुमान लगाया गया था कि जुलाई में बरसात जून में हुए नुकसान की थोड़ी भरपाई कर लेगी, पर अब जुलाई में भी कम बरसात का अनुमान लगाया जा रहा है। जून में बहुत कम बरसात के कारण देश के जल-भंडारों में केवल 28 प्रतिशत जल बचा है और इस कारण आने वाले महीनों में खेती व सिंचाई के साथ ही पेयजल का संकट पैदा हो सकता है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के आधार पर कृषि वैज्ञानिकों व अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि कमजोर मानसून का प्रभाव खरीफ के साथ आगामी रबी मौसम पर भी पड़ेगा। उनका अनुमान है कि इससे भारत की कृषि अर्थव्यवस्था के साथ ही पूरी अर्थव्यवस्था भी समग्र रूप से प्रभावित होगी तथा पश्चिम एशिया में संकट-समाधान से तेल मूल्य में आई कमी का लाभ निष्प्रभावी हो सकता है। यदि मौसम विभाग के अनुमान सही साबित हुए तथा आने वाले महीनों में मानसूनी बरसात में सुधार न हुआ तो कई साल के सामान्य मानसून के बाद भारत को इस बार सूखे का सामना करना पड़ सकता है।**

# कर्मचारी नहीं, विश्वास इस्तीफा देता है!

हर नियुक्ति के पीछे केवल एक ऑफर लेटर नहीं होता, बल्कि किसी व्यक्ति के सपने, संघर्ष, जिम्मेदारियां और भविष्य की उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं। जब कोई कर्मचारी किसी संस्था से जुड़ता है, तो वह सिर्फ अपनी योग्यता नहीं, बल्कि अपना विश्वास भी उस संस्था को सौंपता है।

कल्पना कीजिए, एक उम्मीदवार अपनी शिक्षा, अनुभव और क्षमता के आधार पर 32,000 वेतन की उम्मीद लेकर इंटरव्यू में जाता है, लेकिन उसे 20,000 का प्रस्ताव मिलता है। परिस्थितियां ऐसी होती हैं कि नौकरी की तत्काल आवश्यकता है। वह अपने आत्मसम्मान से समझौता करते हुए सोचता है- 'शायद शुरुआत छोटी है, लेकिन मेहनत से सब बदल जाएगा।'

वह पूरे समर्पण के साथ काम शुरू करता है। समय से पहले कार्यालय पहुंचना, अतिरिक्त जिम्मेदारियां उठाना, टीम का सहयोग करना, देर तक रुककर काम पूरा करना- वह संस्था को अपना सर्वश्रेष्ठ देने में कोई कमी नहीं छोड़ता।

फिर एक दिन उसे पता चलता है कि उसी पद पर कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों को 35,000 से 42,000 तक वेतन मिल रहा है।

उस क्षण केवल वेतन का अंतर सामने नहीं आता, बल्कि सम्मान और विश्वास की दूरी भी साफ दिखाई देने लगती है।

उसके मन में अनगिनत प्रश्न जन्म लेते हैं-

'क्या मेरी मेहनत कम है?'

'क्या मेरी योग्यता कम है?'

'या फिर मेरी मजबूरी को मेरी कीमत समझ लिया गया?'

यहीं से उसका मन बदलना शुरू हो जाता है। वही कर्मचारी, जो हर काम में अपना सौ प्रतिशत देता था, अब केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगता है। उसका उत्साह धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। काम की गुणवत्ता गिरने लगती है। संस्था से उसका भावनात्मक जुड़ाव टूटने लगता है।

और एक दिन... वह इस्तीफा दे देता है।

अक्सर कंपनियां यह सोचकर संतुष्ट हो जाती हैं कि उन्होंने कम वेतन देकर कुछ धन बचा लिया। लेकिन वे यह नहीं समझ पातीं कि उन्होंने वास्तव में क्या खोया है।

उन्होंने एक समर्पित कर्मचारी खोया, एक भरोसेमंद सहयोगी खोया। एक ऐसा व्यक्ति खोया, जो संस्था की सफलता को अपनी सफलता मानने लगा था।




अब उन्हें फिर से भर्ती करनी होगी, नये कर्मचारी को प्रशिक्षित करना होगा, समय और संसाधन खर्च करने होंगे। फिर भी यह निश्चित नहीं कि नया व्यक्ति पहले जैसी निष्ठा और समर्पण लेकर आएगा।

सच्चाई यह है कि कर्मचारी केवल वेतन के लिए काम नहीं करता। वह सम्मान, समान अवसर और अपने योगदान की निष्पक्ष पहचान भी चाहता है। उचित वेतन केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि यह संदेश होता है कि 'आपकी मेहनत हमारे लिए मूल्यवान है।'

जिस कर्मचारी को उसकी योग्यता के अनुरूप सम्मान और पारिश्रमिक मिलता है, वह केवल अपना समय नहीं देता— वह अपने विचार, अपनी ऊर्जा, अपनी निष्ठा और अपनी पूरी क्षमता संस्था को समर्पित कर देता है।

लेकिन जिस दिन उसे यह महसूस होता है कि उसकी मेहनत का मूल्य उसकी मजबूरी के आधार पर तय किया गया है, उसी दिन उसका विश्वास टूटना शुरू हो जाता है। और जब विश्वास टूटता है, तो केवल एक कर्मचारी नौकरी नहीं छोड़ता- संस्था अपनी विश्वसनीयता, अपनी संस्कृति और अपनी सबसे मूल्यवान पूंजी खोने लगती है।

याद रखिए, कम वेतन देकर कुछ समय के लिए खर्च कम किया जा सकता है, लेकिन लंबे समय में उसकी कीमत प्रतिभा, विश्वास, उत्पादकता और संगठन की प्रतिष्ठा से चुकानी पड़ती है।

इसलिए अगली बार जब किसी कर्मचारी का वेतन तय करें, तो केवल बजट मत देखिए, उसकी योग्यता, उसकी मेहनत, उसकी निष्ठा और उसके आत्मसम्मान को भी देखिए।

किसी भी संस्था की प्रगति केवल उन लोगों से नहीं होती जो नेतृत्व के सामने अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि उन कर्मचारियों के अथक परिश्रम से होती है जो बिना किसी शोर-शराबे के हर दिन अपने दायित्व निभाते हैं। दुर्भाग्य से कई बार श्रेय उन लोगों को मिल जाता है जो स्वयं को अधिक प्रस्तुत करना जानते हैं, जबकि वास्तविक मेहनत करने वाले कर्मचारी अनदेखे रह जाते हैं। जब कार्य का मूल्यांकन योग्यता और योगदान के बजाय व्यक्तिगत समीकरणों, चापलूसी या प्रभाव के आधार पर होने लगे, तो प्रतिभाशाली कर्मचारियों का मनोबल टूटने लगता है।



**कृतिका वार्ष्णेय**
शोधार्थी (रिसर्च स्कॉलर)
गणित विभाग
विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर

# प्रेम नहीं, प्रलय... जब रिश्तों के हाथों रिश्तों का रक्त बहने लगे!



**प्रकाश पंकज, हल्दौर**

यदि प्रेम की परिणति हत्या है, तो वह प्रेम नहीं, मानवता की पराजय है। सभ्यता का इतिहास प्रेम, त्याग, करुणा और परिवार की पवित्रता पर खड़ा है। माता-पिता का स्नेह, भाई-बहन का अपनापन, पति-पत्नी का विश्वास, बच्चे की मासूमियत और मंगेतर के साथ भविष्य के सपने-यही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। किंतु आज समाज के सामने एक भयावह प्रश्न खड़ा है- क्या प्रेम अब जीवन का उत्सव नहीं, मृत्यु का षड्यंत्र बनता जा रहा है?

हाल के वर्षों में देश को झकझोर देने वाली अनेक घटनाएं सामने आई हैं- मेघालय का राजा रघुवंशी-सोनम रघुवंशी प्रकरण (आरोपी), मेरठ का मुस्कान-साहिल प्रकरण (आरोपी), बेंगलुरु का श्वेता ट्रिपल मर्डर केस (आरोपी) तथा पुणे का सिया गोयल-केतन अग्रवाल मंगेतर हत्या प्रकरण (आरोपी)। इन मामलों की न्यायिक प्रक्रिया जारी है और अंतिम निर्णय न्यायालय करेगा, किंतु इन घटनाओं ने पूरे समाज की चेतना को झकझोर दिया है।

प्रश्न किसी एक व्यक्ति, परिवार या शहर का नहीं है। प्रश्न यह है कि आखिर वह कौन-सी मानसिकता जन्म ले रही है, जो अपने ही माता-पिता, भाई-बहन, पति, पत्नी, बच्चे या मंगेतर को जीवन का सहारा नहीं, बल्कि रास्ते का कांटा समझने लगी है?

यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि संस्कारों के संकट का संकेत है।

आज सुविधा ने संस्कारों को पीछे छोड़ दिया है। स्वार्थ ने समर्पण को निगल लिया है। इच्छाओं ने कर्तव्य को पराजित कर दिया है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया, क्षणिक आकर्षण, नैतिक मूल्यों का ह्रास, पारिवारिक संवाद का अभाव, मानसिक तनाव, आत्मसंयम की कमी और 'मेरी इच्छा ही अंतिम सत्य है' जैसी सोच व्यक्ति को विवेकहीन बना रही है। जब विवेक मरता है, तभी अपराध जन्म लेता है।

याद रखिए- प्रेम कभी हत्या नहीं सिखाता। प्रेम त्याग सिखाता है, प्रतीक्षा सिखाता है, सम्मान सिखाता है। जो संबंध किसी निर्दोष का जीवन छीन ले, वह प्रेम नहीं, अंधा मोह, विकृत मानसिकता और अमानवीय स्वार्थ है।

यह भी उतना ही सत्य है कि अपराध का कोई लिंग नहीं होता। अपराधी पुरुष भी हो सकता है और महिला भी। इसलिए समाज को किसी एक वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि अपराध और अपराधी मानसिकता के विरुद्ध खड़ा होना होगा।

आज आवश्यकता केवल कठोर कानूनों की नहीं, बल्कि घर-घर में संस्कारों की पुनर्स्थापना की है। बच्चों को डिग्री के साथ संवेदनशीलता भी दीजिए। युवाओं को सफलता के साथ आत्मसंयम भी सिखाइए। परिवारों में संवाद लौटाइए। विद्यालयों में चरित्र निर्माण को फिर से शिक्षा का केंद्र बनाइए, क्योंकि जहां संस्कार समाप्त होते हैं, वहां अपराध जन्म लेता है।

आइए, आज संकल्प लें-

**हम प्रेम को वासना नहीं बनने देंगे।**
**हम स्वतंत्रता को स्वच्छंदता नहीं बनने देंगे।**
**हम अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी याद रखेंगे।**
**हम संबंधों को स्वार्थ नहीं, विश्वास से सींचेंगे।**

क्योंकि यदि परिवार ही असुरक्षित हो जाए, तो संसार का कोई भी कानून मनुष्य को सुरक्षित नहीं रख सकता।

जिस प्रेम में माँ की ममता हार जाए, पिता का त्याग मिट जाए, भाई-बहन का स्नेह टूट जाए, पति-पत्नी का विश्वास मर जाए और मंगेतर की सांसें छिन जाएं- वह प्रेम नहीं, मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है।

समाज को प्रेम नहीं बदलना है- प्रेम के नाम पर पनप रहे स्वार्थ, अहंकार और अमानवीय सोच को बदलना है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर रहे मोदी : राजू गुप्ता




**धामपुर ( चिंगारी )।** पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि रामकृष्ण मिशन के संस्थापक स्वामी विवेकानंद (नरेंद्र) की पावन जन्मस्थली कोलकाता में पैदा हुए भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार करने का कार्य किया है। वह भारतीय जनता पार्टी धामपुर मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर सचिन जोशी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की आजादी के बाद भी जम्मू और कश्मीर में धारा 370 लागू करके उसे विशेष अधिकार प्रदान किया गया। एक देश में दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष करते हुए मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग बताते हुए आंदोलन किया। उन्होंने कहा कि आज देशवासी बेखौफ होकर बाबा अमरनाथ बर्फानी की यात्रा पर जा रहे हैं जिससे देशवासियों को जम्मू कश्मीर में एक परिवर्तन का एहसास भी महसूस हो रहा है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जनसेवा, राष्ट्र हित और राष्ट्र समर्पण के भाव से प्रेरणा लेकर निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल (मंडल अध्यक्ष धामपुर), पालिका सभासद संतोष राजपूत, सुशील अग्रवाल,नागेश्वर दयाल गहलोत, आशीष शर्मा, उपेंद्र अग्रवाल, सुभाष, सचिन जोशी, सौरभ विशनाई (मीडिया प्रभारी), राहुल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, नमन जैन, भूपेंद्र सैनी सहित सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान अपनी मांगों को लेकर, सीओ कार्यालय पर बैठे धरना देकर


सीओ को ज्ञापन देते हुए किसान।

## वरिष्ठ नागरिकों ने भी दिया सीओ को ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के बैनर तले मंगलवार को किसानों और वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष चौधरी हरिराज सिंह के नेतृत्व में किसान सीओ कार्यालय पहुंचे और धरना देकर बैठ गए। चौधरी हरिराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और आए दिन गौवंश ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सदाफल में एक सांड की मौत के मामले में किसान नागेंद्र चौहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि सांड ने पहले उन पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि किसान ने आत्मरक्षा में सांड पर बरछी से वार किया था। उन्होंने इस मामले में दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की। किसानों ने इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी को दिए। ज्ञापन में क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों को लेकर भी चिंता जताई गई और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा बाजार में कथित रूप से बिक रही नकली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाकर छापेमारी करने की मांग भी प्रशासन से की गई। ज्ञापन देने वालों में हरिराज सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, कन्हैया, रणजीत सिंह, अखिलेश कुमार, प्रेम सिंह शामिल रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## PUBLIC NOTICE

It is general information that I MUHAMMAD SHADAN S/O MOHAMMAD SADIQ R/O Pahadi Darwaza, Dilshad Colony, Dhampur, P.O Dhampur, District Bijnor, Uttar Pradesh, 246761 declare that name of my father has been wrongly written as MOHD SADIQ in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my father is MOHAMMAD SADIQ which may be amended accordingly.

# जलालाबाद का नाम 'परशुरामपुरी' करने पर हर्ष जताया

## ब्राह्मण महासभा ने इसे परशुराम का जन्मस्थल बताया


बैठक में मौजूद संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित अमन पैथोलॉजी लैब पर मंगलवार की सॉय आयोजित सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद नगर का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद नगर का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इतिहास कारों के मुताबिक यह कस्बा 1560 में मुगल बादशाह जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर के नाम पर बसाया गया था। लंबे समय से इसके नाम परिवर्तन की मांग की जा रही थी। संस्था के नगर अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र कौशिक का कहना है कि जलालाबाद में भगवान परशुराम का प्राचीन मंदिर और रामताल मौजूद है। इसके विकास के लिए प्रदेश सरकार बीस करोड़ रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने बताया कि जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने की मांग वर्षों से उठाई जा रही थी पिछले साल जिला प्रशासन में यह प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा था जिसे अगस्त 2025 में गृह मंत्रालय से एन ओ सी मिलने के बाद अब प्रदेश की योगी सरकार ने मंजूरी दे दी है। संस्था के नगर महासचिव डॉक्टर शंकर दत्त भारद्वाज ने बताया कि सांस्कृतिक और स्थानीय पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जलालाबाद को भगवान परशुराम की जन्मस्थली माना जाता है। इसी आस्था के आधार पर लंबे समय से इस क्षेत्र का नाम परशुरामपुरी किए जाने की मांग उठती रही है। बैठक में मौजूद अरुण शर्मा अलवा, हृदेश भारद्वाज, संजीव शर्मा हलवाई विनीत शर्मा, सचिन शर्मा ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# कल से बादल हो रहे मेहरबान, झमाझम बारिश से गिरा तापमान

**धामपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी और उमस से बेहाल धामपुरवासियों को कल सुबह से पड़ रही मूसलाधार बारिश ने बड़ी राहत दी है। कल सुबह से ही आसमान में उमड़-घुमड़ कर आए काले-काले बादलों ने जब झमाझम बरसना शुरू किया तो पूरे क्षेत्र का मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। बारिश में बच्चे घरों से निकलकर सड़कों और गलियों में जमकर नहाये। वहीं किसानों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। किसान इस बारिश को खरीफ की फसलों के लिए वरदान बता रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस बारिश से धान, गन्ना और सब्जियों की फसल को जबरदस्त फायदा होगा। आम जनमानस ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि पिछले कई दिनों की गर्मी के बाद यह बारिश संजीवनी बनकर आई है।

# शिशु मंदिर में डिजिटल शिशु वाटिका कक्ष का हुआ उद्घाटन


डिजिटल शिशु वाटिका कक्ष का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते डॉक्टर शंकर लाल शर्मा।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में शिशुओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से डिजिटल शिशु वाटिका कक्ष का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक विपुल अग्रवाल, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष डॉ शंकर लाल, कोषाध्यक्ष अमिताभ सिंह, देवेंद्र सिंह संभाग निरीक्षक मुरादाबाद संभाग, हेमेंद्र सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर; पुलकित गर्ग, डॉक्टर प्रखर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता शिशु शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र शिशु वाटिका प्रमुख शिव कुमार ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित समस्त सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर का उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना ही है क्योंकि आज कंप्यूटर का युग है। इसलिए भैया-बहनों को उचित शिक्षा प्राप्त हो इस निमित्त अपने इस विद्यालय में डिजिटल शिशु वाटिका का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत प्रोफ़ेसर डॉक्टर शंकर लाल शर्मा ने ज्ञान दायिनी मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज धामपुर, देवेंद्र सिंह संभाग निरीक्षक द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक विपुल अग्रवाल द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा किया गया

# पुलिस ने कांग्रेसियों को नहीं निकालने दी 'सदबुद्धि यात्रा'

## कार्यालय के बाहर धरने पर बैठकर भजन-कीर्तन किया





**बिजनौर (चिंगारी)।** राम मंदिर में चढ़ावे का कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन दिया। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह व शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सदबुद्धि यात्रा निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें यात्रा नहीं निकालने दी। कांग्रेसियों की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठ गये और भजन-कीर्तन कर विरोध दर्ज कराया। बाद में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सीओ सिटी अभय कुमार पांडे को दिया।

राज्यपाल के नाम दिए गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जाए ताकि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके। साथ ही मांग की गई कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल प्रभाव से भंग कर मंदिर के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी शंकराचार्यों तथा श्रीराम मंदिर के सम्मानित महंतों को सौंपी जाए।

कार्यक्रम में पूर्व आईएएस आरके सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग, कॉर्डिनेटर चितवन शर्मा, मोहम्मद हनीफ, जाफर हसनैन, सविता सिंह, नासिर मलिक, मोहम्मद इब्राहीम, कमरुन्निसा, मोहम्मद खालिद, शारिक अली, गुलसिताब एडवोकेट सहित शहर कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से हुकम सिंह, त्रिलोकचंद शर्मा, हिमांशु देवरा, गुलशन कुमार, मास्टर रामपाल, अनिल त्यागी, विनेश कुमार, अब्दुल समद आजाद, अवनीश कुमार, अर्जुन सिंह, अरविंद कुमार, नेतराम सिंह, नौशाद अली, प्रदीप ठाकुर, अखिलेश कुमार, आनंद सिंह, रोहित कुमार, रामरतन रतिराम, फुरकान महमूद, जसराम सिंह, सुकेश, जावेद अंसारी, महेश कुमार, राकेश कुमार, लोकेंद्र चौहान, विश्व मोहन सिंह, शेर सिंह तथा हाजी अहसान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत- साकेन्द्र



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत विकास एवं किसानों की आय वृद्धि को नई गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर (डब्ल्यूसीडीसी) समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्य, प्रगतिशील कृषक तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी किसान उपस्थित रहे।

### बैठक में खेत, तालाब व किसान समृद्धि योजनाओं की जानकारी दी गई

बैठक के दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी जसवीर सिंह ने विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (खेत तालाब), पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 की उपलब्धियों, वर्तमान प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब प्रत्येक पात्र किसान तक उनकी जानकारी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी प्राप्त किए जाएं।

# रेडियो संदेश टीम ने संचारी रोगों के प्रति जागरुक किया



**बिजनौर (चिंगारी)। रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 प्रवर्तक कुंवर सत्य वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर ने मदरसा खारी में छात्र/ छात्राओं एवं शिक्षकों को इस मौसम में होने वाले संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया।**

रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने बताया कि इस मौसम में कूलर, आसपास के गड्ढों में मच्छरों को पैदा न होने दें। उनकी नियमित सफाई करें, शौच के बाद हाथ धोएं, पर्सनल हाइजीन पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि गंदगी शरीर में न प्रवेश कर पाये। ताजा खाना खाएं, बासी खाने का प्रयोग बिल्कुल न करें, थोड़ा बुखार होने पर भी तुरंत मलेरिया की जांच कराएं, जिससे कि अपने को अधिक से अधिक स्वस्थ रखा जा सकता है। नियमित स्नान करें और कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत निकटवर्ती आरोग्य मंदिर या सरकारी हस्पताल से संपर्क करें। इस अवसर पर ग्रामीण अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद साबिर, शाहबाज, अब्दुल अजीज, कारी मोहमद फारूक, नफीस अहमद आदि उपस्थित रहे। रेडियो संदेश टीम की ओर से हेड सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, शबनम कुरैशी, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# एफएमजीई परीक्षा पास कर एहतेशाम ने बढ़ाया जिले का मान



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर की फुरकान बाग कॉलोनी निवासी मोहम्मद एहतेशाम पुत्र निसार अहमद ने विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) के दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। मोहम्मद एहतेशाम ने जून 2025 में किर्गिज़स्तान से चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने भारत में चिकित्सक के रूप में कार्य करने के लिए आयोजित विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) में दूसरे प्रयास में 300 में से 157 अंक प्राप्त कर परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। एहतेशाम की इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

# एच.एम. पब्लिक स्कूल से फ्लाईओवर तक बनेगी सड़क

## 10 करोड़ 73 लाख की लागत आयेगी

**बिजनौर (चिंगारी)।** केंद्रीय सड़क निर्माण विभाग द्वारा 10 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से नगीना रोड पर एचएम पब्लिक स्कूल से फ्लाई ओवर तक 4 किलोमीटर की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराया जायेगा। पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 12 मार्च 2026 को लोक निर्माण विभाग खण्ड बिजनौर के अधिशासी अभियंता हेमंत प्रताप सिंह से भेंट कर इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की थी। दरअसल, यह सड़क लंबे समय से बेहद खराब स्थिति में है, जिसके कारण आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। 10 मार्च 2026 को एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई थी तथा अनेक दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं।


अधिशासी अभियंता से वार्ता करते हुए राजा भारतेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

### शक्ति चौराहे से फ्लाईओवर तक रोड की हालत जर्जर

भले ही एचएम पब्लिक स्कूल से फ्लाई ओवर तक सड़क निर्माण को मंजूरी मिली हो, लेकिन यह रोड शक्ति चौक से लेकर फ्लाई ओवर तक जर्जर स्थिति में है। इस रोड पर अनगिनत गड्ढे हैं, जिनमें वर्षा का पानी भर जाने से दुर्घटना के आसार बढ़ गये हैं। ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास तो सड़क नाममात्र को बची है। वर्षों से इस सड़क को बनाने की मांग की जा रही है।

## पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने की थी मांग

एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के बीच समन्वय की कमी के कारण यह कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ था। पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी भेंट कर इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र कराने के लिये कहा था।

### रोड की हालत चकरोड से भी बदतर

बिजनौर रेलवे क्रॉसिंग से शुगर मिल तक जहां सड़क में गहरे गड्ढे हो गये हैं, वहां सामान्य दिनों में धूल के गुबार उठते हैं, जिससे आसपास के निवासियों व दुकानदारों के साथ-साथ पैदल राहगीरों व दुपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस रोड की हालत देखकर कोई नहीं कह सकता है कि यह जिला मुख्यालय है, क्योंकि इस मुख्य रोड की हालत चकरोड़ से भी बदतर हो गई है।


फाइल फोटो।

# शिवम कश्यप को जिला सचिव की जिम्मेदारी, युवाओं से कौशल विकास योजना से जुड़ने की अपील

### रालोद छात्रसभा की बैठक में संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर रालोद छात्रसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की, जबकि संचालन धनगर पियूष चंदेल ने किया। बैठक में छात्रसभा जिलाध्यक्ष परितोष चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से युवाओं के लिए संचालित कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाया जाए, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रसभा के मंडल अध्यक्ष अभिनव चौधरी का स्वागत किया गया तथा शिवम कश्यप को रालोद छात्रसभा का जिला सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, सार्थक शर्मा, आयुष चौधरी, सागर शर्मा, जतिन राजपूत, लकी चौधरी, आकाश कश्यप, पुष्पेंद्र सैनी, वंश कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 52 शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ रवाना

## जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** 52 शिवभक्तों का जत्था आज वातानुकूलित (ए.सी.) बस से अमरनाथ यात्रा के लिये रवाना हुआ। श्री शिवशक्ति धाम बिजनौर के सौजन्य से यह 15वीं अमरनाथ यात्रा है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने आज सुबह नगर पालिका चौक पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसके बबली एड. व डॉ. निकिता चौधरी के साथ हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया।

शिवशक्ति धाम बिजनौर के मुख्य संयोजक श्री एसके बबली एड. ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से शिवभक्तों को नि:शुल्क अमरनाथ यात्रा कराई जा रही है। अब तक 1200 से अधिक श्रद्धालुओं को अमरनाथ भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा जाने वाला यह बिजनौर जिले का सबसे बड़ा जत्था है, जिसमें 52 श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के साथ-साथ वैष्णों देवी, शाकुंभरी देवी, शिवखोड़ी, गोल्डन टैम्पल, बाघा बॉर्डर, हिमाचल की पांचों देवी, पोंटा साहिब गुरुद्वारा, भाखड़ा नांगल डैम तथा हरिद्वार की यात्रा कराई जायेगी।



बस की रवानगी के समय कुलदीप सिंह एड., निरंकार सिंह एड., जनेंद्र पाल सिंह एड., इंद्रपाल सिंह एड., कामेंद्र सिंह एड., तुषार चौधरी एड., वरूण भोलू एड., आईएनओ के पदाधिकारी नरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, लीना तोमर, शंकरलाल, लाला विवेक गुप्ता, डॉ. नरेंद्र गौड़, नानकचंद खेड़ा, गौरव खेड़ा, शिवप्रकाश बाल्मीकि, आदि मौजूद रहे। इस यात्रा के संयोजक शंकरलाल अरबन बैंक और अखिल अग्रवाल मुरादाबादी ज्वैलर्स हैं। विशेष सहयोगी डॉ. रोहन चौधरी, डॉ. निकिता चौधरी, डॉ. रोशन चौधरी, डॉ. मनोज चौधरी हैं। यात्रा की रवानगी के अवसर पर वातावरण भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।

# खुर्शीद मंसूरी को प्रत्याशी बनाया तो उनके पक्ष में करेंगे मतदान

## साहनपुर से उठी नजीबाबाद विधानसभा में बदलाव की आवाज़

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर पंचायत साहनपुर क्षेत्र में नदीम सलमानी के आवास पर आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी अतीक एवं संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से साहनपुर क्षेत्र के अधिकांश मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन किया, लेकिन क्षेत्र को अपेक्षित विकास नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि विधायक जनता के सुख-दुख में भी सक्रिय रूप से दिखाई नहीं दिए, जबकि खुर्शीद मंसूरी हर अच्छे-बुरे समय में क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहते हैं, लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि मुस्लिम समाज सहित वंचित वर्गों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर समाजवादी पार्टी आवाज़ नहीं उठाती, जबकि नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद लगातार जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में खुर्शीद मंसूरी को प्रत्याशी बनाती है तो साहनपुर क्षेत्र एकजुट होकर उनके समर्थन में मतदान करेगा। बैठक में नदीम सलमानी, अमन शेख, आदिल अब्बासी, मंजूर सलमानी, उस्मान, अतीक, शरीफ मलिक, शादाब राईन, नवाब मेंबर, फहीम अब्बासी, सलमान मंसूरी व साकिब सरवरी ने असपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी ने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आरिफ मिर्ज़ा, जाकिर मालिक, इरशाद खलीफा, शमीम शेख, नगर अध्यक्ष नौशाद सरवरी, सरताज राईन, जाफर सलमानी, डॉ. इकबाल, सरफराज मंसूरी, कफील अंसारी, फरमान शेख सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# जहरीले पदार्थ के सेवन से नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम लुकादड़ी में 2 माह की विवाहिता की जहरीले पदार्थ से संदिग्ध मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए विवाहिता को ज़हर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के पूना शांति नगर निवासी खलील शेख ने पुलिस को दी तहरीर में बताया के उन्होंने अपनी पुत्री गुलनाज़ खलील की शादी दो माह पूर्व नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लुकादडी निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र यामीन के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार जेवर, कपड़ा, फर्नीचर दान दहेज के साथ दो लाख रुपए की नकदी भी दी थी। इसके बावजूद ससुराल वाले उसकी पुत्री को दहेज के लिए काफी परेशान करते थे। आरोप है कि ससुराल वाले विवाहिता को अपने माता-पिता से मोबाइल पर बात तक नहीं करने देते थे। ससुराल वालों ने उसकी पुत्री को दहेज के लिए जहर देकर हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां शहनाज खलील शेख ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है। जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ पता चल पाएगा।



प्रतियोगी छात्र को घड़ी देकर सम्मानित करते एमडी विनोद मित्तल।

## डेकोरेशन प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला में स्थित सन शाइन पब्लिक स्कूल में क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सन शाइन पब्लिक स्कूल में 2 मई 2026 को क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता कराई गई थी। यह प्रतियोगिता बच्चों में टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए थी। जिसमें विद्यालय की कक्षा तीन से लेकर कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न मुख्य विषयों जैसे हैप्पी मदर्स डे, स्पोर्ट्स डे, भविष्य निर्माणकर्ता, अनेकता में एकता, मजदूर दिवस, परिश्रम सफलता की कुंजी आदि को अपनी रचनात्मकता में शामिल किया। जिसके अनुसार कक्षा आठ के समस्त छात्र-छात्राओं कशिश, निक्की, शिफा, अनम, आयुषी, इस्माइला, फरहान, हिफ्जान, उज्जवल, वंश, कनिष्क, कृष्णा, आरव, अनमोल, प्रबल, अर्शलान ने अनेकता में एकता जैसे विषय पर क्लास बोर्ड डेकोरेट कर अपनी रचनात्मकता को दिखाया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी कला व रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने शुभकामनाएं देते हुए एक दीवार घड़ी देकर पुरस्कृत किया। कक्षा सात के बच्चों शिजा, अलिशा, कंचन, नीलम, श्वेता, सुनैना, ओवेश, सरस, ध्रुव, प्रीत, आरिश, आदर्श, वासु, आर्यन, वंश, आदर्श, मयंक, अदीबा, तोरन सभी ने परिश्रम सफलता की कुंजी विषय पर बोर्ड सजाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। एमडी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए एक इंडिया का मैप देकर पुरस्कृत किया। कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं रीत, बंधन, आभास, अमित, आदित्य, शाहवेज ने मजदूर दिवस विषय पर बोर्ड डेकोरेट कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमडी द्वारा पीरियोडिक टेबल देकर सभी को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के साथ-साथ उनकी कक्षा अध्यापिका व अध्यापक पिंकी शर्मा, वैशाली आर्य, मनीष सभी को प्रबंधक ने बधाई दी तथा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी इसी तरह के रचनात्मक कार्य करने व अपने ज्ञान को बढ़ाते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने भी उपस्थित रहकर सभी बच्चों को उनके रचनात्मक कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सपा नेता रफीक अंसारी ने मदरसे में किया पौधारोपण

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रफीक अंसारी ने उत्तर प्रदेश वन महोत्सव 2026 के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' के दौरान विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद के मदरसा हर्षवाड़ा में मदरसे के ज़िम्मेदार कारी व बच्चों की मौजूदगी में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर नजीबाबाद विधानसभा के जिम्मेदार नागरिक शरीफ ठेकेदार, हाजी इरफान अंसारी, आफ़ाक़ अहमद अंसारी, शहज़ाद अहमद, निसार अंसारी, अतीक ठेकेदार, आतिफ़ अंसारी, तसलीम अंसारी, मौ. शाकिर, मोनू, हाफ़िज़ दिलशाद, शाहनवाज, उबैद, सुहैल, साकिब आदि बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## व्यापारियों की दुकानों के ध्वस्तीकरण पर रोक सराहनीयः शाहनवाज

**नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव एवं पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय महासचिव हाजी शाहनवाज मंसूरी ने नजीबाबाद के बाजार कल्लूगंज में नगरपालिका द्वारा पांच व्यापारियों की दुकानों को नाले पर अवैध बताते हुए ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करने को गलत बताया। उन्होंने इस मामले में विधायक हाजी तसलीम अहमद, व्यापारी नेता कपिल सर्राफ, इकबाल चौधरी व मार्केट के सभी सम्मानित व्यापारियों द्वारा डीएम से मुलाकात कर फिलहाल इस कार्रवाई पर रोक लगवाने पर कहा कि यह पीड़ित व्यापारियों का पक्ष मजबूती के साथ रखने व संयुक्त प्रयास, एकजुटता व सकारात्मक पहल का ही परिणाम है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के मुद्दों पर सभी मिलकर जनता के हितों की रक्षा के लिए कार्य करते रहेंगे।**

## यूपी की जनता को सपा व बसपा ने छला, चंद्रशेखर करेंगे भलाः अच्छन राईन



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभासद मौ. अच्छन राईन ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद जिस तरह से गरीबों व पीड़ितों के दर्द को अपना समझकर उनकी आवाज सड़क से संसद तक उठाने का काम कर रहे है। इससे चंद्रशेखर की अच्छी राजनीति की चारो ओर चर्चा है। इस तरह से चंद्रशेखर आजाद लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी को भी पूरा सम्मान देते है, इसलिए आज भीम आर्मी व आसपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी से पिछड़ा वर्ग समाज के साथ मुस्लिमों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। इस तरह के काम 2007 में बसपा करने के बाद यूपी में अपने वजूद में आई थी तथा उसने यहां कई बार सरकार बनाकर चलाई। इसी तरह से आसपा भी अब बहुजन व मुस्लिम समाज को पार्टी से जोड़कर 2027 में यूपी में सत्ता में आने जा रही है। इससे पूर्व में सपा व बसपा ने यूपी में अपनी कई-कई बार सरकारें बनाकर केवल भाजपा की कटपुतली बनकर जनता को छलने का काम किया है। यूपी में अगर भाजपा का गुंडाराज व नफरत खत्म कर जनता का भला करना है तो चंद्रशेखर आजाद को 2027 में मुख्यमंत्री बनाना होगा।


# M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# अल्लामा इरफ़ान रूमानी की पुण्यतिथि पर साहित्यिक गोष्ठी और मुशायरे का आयोजन

## शायर शकील बिजनौरी को 'इरफ़ान रूमानी सम्मान' से नवाज़ा



शमा रोशन कर कार्यक्रम का आग़ाज़ करते हुये अतिथिगण।



बुजुर्ग शायर शकील बिजनौरी को अल्लामा इरफान उस्मानी सम्मान प्रदान करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय 'गुलिस्तान-ए-शाहिद' में कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध शायर और अदबी शख़्सियत अल्लामा इरफ़ान रूमानी की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी (शेरी नशिस्त) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आग़ाज़ हाफ़िज़ नगीनवी द्वारा प्रस्तुत तिलावते-क़ुरान से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात समाजशास्त्री डॉ. दाऊद मुल्तानी ने की, जबकि कुशल संचालन बहाउद्दीन बहार शम्सी द्वारा किया गया।

साहित्यिक गोष्ठी के प्रथम चरण में उर्दू अदब और शायरी के क्षेत्र में अद्वितीय एवं दीर्घकालिक योगदान के लिए मशहूर शायर व साहित्यकार शकील अहमद ख़ां 'शकील बिजनौरी' को इस वर्ष के 'अल्लामा इरफ़ान रूमानी सम्मान' से विभूषित किया गया। ट्रस्ट की ओर से उन्हें शॉल, सम्मान-प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत, प्रसिद्ध शायर तय्यब आज़ाद शेरकोटी ने शमा रोशन कर काव्य गोष्ठी (मुशायरे) का विधिवत आगाज़ किया। इस गरिमामयी अवसर पर कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के चेयरमैन परवेज़ आदिल माही ने अल्लामा इरफ़ान रूहानी के जीवन, उनकी शायरी के तकनीकी पहलुओं और समाज के प्रति उनके साहित्यिक योगदान पर एक गहन व विचारपूर्ण शोधपत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में तसलीम नगीनवी, रईस अहमद राज, अशरफ शेरकोटी, तय्यब आजाद शेरकोटी, शाहिद अंजुम, सुनील साहिल, अलमास रूमानी, डॉ. अहतेशाम, अब्दुल वाहिद मुशब्बिर, शकील बिजनौरी, यासीन रहबर, ख़ुर्शीद नाज नहटौरी, बहार शम्सी, डॉ. आलमगीर काज़्मी, माहिर स्योहारवी, डॉ. दाऊद नूर, परवेज आदिल हाफिज नवीनवी ने बेहतरीन कलाम पेश कर समां बांध दिया।

इस यादगार अदबी महफ़िल में मुख्य रूप से अदील अहमद, शेख नगीनवी, ज़ुबैर इक़बाल ज़नजानी, जमशेद निसार, तनवीर अख्तर, महताब अहमद, शेख राशिद, डॉ. मौअज़्ज़म हुसैन रियाज़ी, आरिफ़ उस्मानी, असलम सिद्दीकी, मरग़ूब मुल्तानी, फ़ैज़ अहमद, शहज़ाद हुसैन, साकिब हुसैन, राशिद उस्मानी, मुनीर आलम, यासीन सोनी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद नाज़िम, और गुलज़ार मुल्तानी सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, साहित्य प्रेमी और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# आईटीआई, कौशल विकास केंद्रों की होगी नियमित मॉनिटरिंग

## कौशल विकास में यूपी को देश का अग्रणी राज्य बनाने का प्रयास कर रही योगी सरकार



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति की सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ करें। कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए युवाओं के लिए अधिक से अधिक शॉर्ट टर्म एवं रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू तैयारी, रिज्यूमे लेखन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को भी शामिल किया जाए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की रोजगार क्षमता और अधिक बढ़ सके। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार की मंशा केवल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। इसलिए विभाग उद्योगों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करे तथा स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए ताकि प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों में संचालित स्किलिंग कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी स्किलिंग कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके। मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

# विश्व जूनोसिस दिवस पर एम्स ने किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश द्वारा रेड फोर्ट इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जूनोटिक पशुजन्य रोगों, उनके संक्रमण के स्रोतों, बचाव के उपायों तथा वन हेल्थ की अवधारणा के प्रति जागरूक करना था राष्ट्रीय वन हेल्थ कार्यक्रम की प्रधान अन्वेषक एवं एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय जूनोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु गठित राष्ट्रीय वन हेल्थ कार्यक्रम एम्स ऋषिकेश के नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। सत्र में उन्होंने जूनोटिक रोगों की अवधारणा, उनके संक्रमण के स्रोत, महामारी विज्ञान तथा मानव, पशु एवं पर्यावरण के बीच परस्पर संबंधों की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय तकनीकी सत्र में परियोजना के सह-प्रधान अन्वेषक डॉ. योगेन्द्र प्रताप मथुरिया ने जूनोटिक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के व्यवहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यानों के उपरांत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शूरवीर सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य तरंग बैली, देवेंद्र बिष्ट, अमित गांधी आदि के अलावा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका नैथानी, नीरज रणाकोटी आदि उपस्थित थे।

# डीएम का जोर, कुपोषणमुक्त हो बिजनौर

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषण एवं अतिकुपोषण से ग्रसित बच्चों तथा एनीमिया से प्रभावित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की समयबद्ध पहचान कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित रूप से वजन एवं लंबाई का मापन किया जाए तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी का विवरण समय से पोषण ट्रैकर पर अपडेट किया जाए।

जिलाधिकारी ने सैम (गंभीर कुपोषित) एवं मैम (मध्यम कुपोषित) बच्चों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन कर उनके उपचार, नियमित फॉलोअप तथा पोषण पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में जहां अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हैं, उन गांवों की सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर उन क्षेत्रों को आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ा जा सके।

बैठक में उत्तराखंड सीमा से लगे गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि जिन केंद्रों पर फर्नीचर अथवा अन्य आवश्यक सामग्री का अभाव है, वहां प्राथमिकता के आधार पर खरीद कर सभी केंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनाथ बंदर रामू को मिला डॉगी से मां का प्यार

**बिजनौर (चिंगारी)।** कहते हैं कि प्यार और ममता का कोई धर्म, जाति या प्रजाति नहीं होती। स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, ईदगाह रोड पर इन दिनों ऐसी ही एक कहानी लोगों का दिल छू रही है। यहां रहने वाले अजीम, फैजान और अकरम ने करीब छह महीने पहले एक अनाथ बंदर के बच्चे को सहारा दिया और प्यार से उसका नाम रामू रखा।



कुछ ही समय बाद रामू की दोस्ती मोहल्ले में वाली फिमेल (डॉगी) से हो गई। धीरे-धीरे यह रिश्ता इतना गहरा हो गया कि डॉगी ने मानो रामू को अपना ही बच्चा मान लिया। आज वह उसे अपनी पीठ पर बैठाकर पूरे मोहल्ले की सैर कराती है। दोनों साथ-साथ खेलते हैं, एक ही जगह बैठकर भोजन करते हैं, साथ में आराम करते हैं और रात को भी एक-दूसरे के पास ही सोते हैं। रामू भी हर पल डॉगी के साथ रहता है और डॉगी भी उसे अपनी मां जैसा स्नेह देती है। दोनों के बीच का यह निश्छल प्रेम और अपनापन हर किसी को भावुक कर देता है। इस अनोखी जोड़ी को देखने के लिए राहगीर कदम रोक लेते हैं। लोग अपने मोबाइल फोन से तस्वीरें और वीडियो बनाकर इस दुर्लभ नज़ारे को कैद करते हैं। इंसानों के बीच बढ़ती दूरियों के दौर में मूक प्राणियों के बीच पनपा यह स्नेह और अपनापन पूरे इलाके के लिए प्रेम, ममता और सह-अस्तित्व का प्रेरक संदेश बन गया है।

# शिव-पार्वती के दाम्पत्य जीवन से प्रेरणा लें : भारद्वाज

## श्रीराम कथा का तीसरा दिन




**बिजनौर (चिंगारी)।** काकरान वाटिका में श्रीराम कथा के तीसरे दिन हल्की-हल्की वर्षा के मध्य सुरम्य वातावरण में योगेंद्र माधव भारद्वाज ने शिव-पार्वती विवाह का अत्यंत सुंदर वर्णन किया। उन्होंने पुरे महादेव की स्थापना, विवाह की रीतियों और कैलाश के दिव्य दृश्यों का जीवंत चित्रण कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। व्यास जी ने कहा कि परिवार में संस्कार और जीवन मूल्य बने रहें, इसके लिए हमें शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। भजनों पर भक्तिभाव से विभोर होकर पूरा पंडाल झूम उठा और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया।



आज की कथा में मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार,अजय कुमार भटनागर एवं धर्मपत्नी उषा भटनागर तथा उनके पुत्र आशीष भटनागर सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राहुल राठी, कामेंद्र सिंह, संदीप शर्मा, योगेश्वर, बृजनंदन चौहान, मलखान सिंह, डा. कुलदीप, जितेंद्र, गौरव यादव, पंकज, सोनी, निधि, शुभम गौड़, आदर्श गुप्ता, पुष्पावती आदि उपस्थित रहे।

# दलित के साथ मारपीट के मामले में चार भाइयों को सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** एससी-एसटी एक्ट कोर्ट के विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट सुनील कुमार सिंह ने मामूली बात पर दलित के साथ मारपीट करने के मामले में चार सगे भाइयों ऋषिपाल, रिंकू, रघुवीर और खेम सिंह को दोषी पाकर तीन-तीन साल की सजा तथा 26 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के जस्सुजोत गांव के नैन सिंह पुत्र केवल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 नवंबर 2018 की शाम को वह अपने खेत की जमीन जोत रहा था। उसके खेत में रखी लकड़ियों की गड्डियों में एक गड्डी आरोपियों के खेत में गिर गई। इसी बात से नाराज होकर गांव के राम सिंह के लड़के ऋषिपाल, रिंकू, रघुवीर और खेम सिंह ने नैन सिंह के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। बीच बचाव करने आए उसकी पत्नी चंद्रो देवी, लड़की संजीता और लड़के ऋषिपाल को भी लाठी-डंडों से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। आरोपियों ने उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और कोई कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ कृपा शंकर कनौजिया ने मामले की तफ्तीश करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूत को पर्याप्त मानकर अदालत ने चारों भाइयों को तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# भारती को विदाई, पीयूष शर्मा का स्वागत किया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक समारोह में डीआई उमेश भारती को भावभीनी विदाई देते हुए नवागत ड्रग इंस्पेक्टर पीयूष शर्मा का जोरदार स्वागत किया। गढ़ी बस स्टैंड स्थित एक बैंकट हाल में जिला केमिस्ट एसोसिएशन क्षेत्र कासमपुर गढ़ी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोनों औषधि निरीक्षकों का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।



अपने संबोधन में डीआई उमेश भारती ने कहा कि केमिस्टों की समस्याओं का हर संभव समाधान करते हुए उनसे भी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। संगठन के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने डीआई उमेश भारती के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए नवागत डीआई पीयूष शर्मा को सहयोग का यकीन दिलाया। कार्यक्रम में प्रदीप चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, महेंद्र कुमार, साजिद अंसारी, ए.एच. साबरी, मौ. वाजिद, सोनू शर्मा, मौ. इमरान, मो.नासिर, तिलकराज, जितेंद्र कुमार, नागेन्द्र कुमार, संजय शर्मा, पवन कुमार, मौ. आलम, मंगल सिंह, पुनीत कुमार आदि कैमिस्ट मौजूद रहे।

# पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में रखा पानी

## डीएम ने किया शुभारम्भ

**बिजनौर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में एक सराहनीय पहल की गई है। यहां पक्षियों के पीने के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी रखवाया गया है। इस मानवीय कार्य का शुभारंभ जिलाधिकारी जसजीत कौर और एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया।



बिजनौर नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी के लिए दर-दर भटकते हैं। उनकी इस समस्या को दूर करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में मिट्टी के बर्तन लगवाए गए हैं। इस व्यवस्था की खास बात यह है कि मिट्टी के बर्तनों में निरंतर पानी पहुंचाने के लिए एक प्लास्टिक के ड्रम से मोटर को जोड़ा गया है। इस मोटर की मदद से पानी लगातार रिसायकल होकर बर्तनों में पहुंचता रहेगा, जिससे पानी ठंडा और साफ रहेगा। इस मौके पर नगर पालिका के अवर अभियंता (जलकल) गौरव कुमार शर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार - शक्ति मित्तल



ग्रामीणों को सम्बोधित करते शक्ति भारद्वाज मित्तल।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा नेता श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर चलते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान भी किया। भाजपा नेता श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने क्षेत्र के ग्राम सिसोना में आयोजित जनसभा में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनायेगी। इससे पूर्व गांव पहुंचने पर भाजपा नेता श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया।

## दिलों की धड़कनें बढ़ा दीं

*पूर्व पालिकाध्यक्ष अरविन्द कुमार पप्पू की पुत्रवधू श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल द्वारा गांव -गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क करने तथा सभाएं करने से क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। उनके मैदान में आने से भाजपा से टिकट मांग रहे संभावित उम्मीदवारों की दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। अन्य संभावित उम्मीदवारों ने भी गांव -गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है।*

# एमएम कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण



**चांदपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय एम.एम. इंटर कॉलेज में वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण हमारे स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक सय्यद बिलाल अकबर, फिरोज अहमद, रिजवान बारी, डॉ. रोहितास जमदग्नि और अन्य अध्यापकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# डीएम से प्याऊ लगवाने की मांग

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन भेजकर दो मुख्य स्थानों पर प्याऊ लगवाने और पिंडदान स्थल बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने भेजे गए ज्ञापन में मुबारकबाद लेदरपुर बस स्टैंड (मुबारकपुर कुंडा) एवं हाफिजाबाद बिहारीपुर स्थित भवानी मंदिर परिसर में प्याऊ लगवाने और हाफिजाबाद बिहारीपुर, लेदरपुर, मुबारकपुर गांवों का पिंडदान स्थल हाईवे पर स्थित मुबारकपुर कुंडा बस स्टैंड से लगभग 100 मीटर दूर तटबंध के पास बनवाने की मांग की है। ज्ञापन पर देवदत्त शर्मा, धर्मवीर सिंह, चंद्रभान सिंह, सौरभ शर्मा, युदीश कुमार, अवनीश कुमार आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर किये गए थे।

# अपनी सास से मांग रहा था कार इंकार करने पर चाकू से किया वार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता ने अपने पति पर सोने और फोर व्हीलर की मांग करने, उसके तथा उसकी मां पर चाकू से हमला कर उनको घायल कर देने का आरोप लगाया। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम मसीत निवासी सायमा ने बताया कि उसकी शादी में उसके पिता ने बुलेट मोटरसाइकिल दी थी। उसके पति साकिब ने वह बेच दी थी। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है उसका पति साकिब सोने व फोर व्हीलर की मांग करता है। सायमा ने बताया कि 6 जुलाई को वह अपनी मां के साथ दवाई लेने के लिए चांदपुर आई थी, वहां आये साकिब व उसके भाई आकिब ने गाली-गलौच की तथा चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सायमा ने अपने पति से अपनी जान को खतरा बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# गन्ना समिति में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गन्ना आयुक्त के निर्देश पर सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं अन्य उपलब्ध जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। गन्ना समिति के सचिव मुकेश कुमार राठी ने क्षेत्र के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक गन्ना किसान परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगा। इस अवसर पर गन्ना समिति के संचालक भूपेन्द्र सिंह, चीनी मिल बिलाई से गन्ना प्रबंधक कपिल कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि मनोज उपाध्याय, इफ्को प्रतिनिधि विवेक चौधरी एवं चीनी मिल स्टाफ, गन्ना पर्यवेक्षक, समिति स्टाफ और आंगनबाड़ी, महिला स्टाफ भी उपस्थित रहा। उनसे भी प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना से जुड़ने एवं महिला किसानों को जोड़ने का अनुरोध किया गया।

# घर से लापता हुई लड़की बरामद

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने गत दिवस रेहड़ निवासी कैफ पुत्र अली हसन पर अपनी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और आरोपी कैफ के चाचा नौशाद पर लड़की को भगा ले जाने की साजिश में शामिल होने का शक जताते हुए पुलिस से अपनी लड़की की सकुशल बरामदगी एवं दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। रेहड़ पुलिस ने सूचना प्राप्त होते ही लड़की की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए थे। हलका इंचार्ज उप निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा व रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि लड़की को बरामद कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपियों कैफ पुत्र अली हसन व नौशाद निवासीगण रेहड़ के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# ग्राम पंचायत सचिव ने रोजगार सेवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत सचिव ने रोजगार सेवक पर उसके साथ अभद्रता करने, जान से मारने की धमकी देने तथा एससी/एसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए ग्राम सेवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम मंझोला गुर्जर निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि वे ग्राम पंचायत स्याऊ में पंचायत सचिव है। ग्राम स्याऊ निवासी मुकेश कुमार रोजगार सेवक है। पंचायत सचिव के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगा के अन्तर्गत कार्य कराने के लिए कहने पर ग्राम सेवक द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पंचायत सचिव ने बताया कि जब उसने रोजगार सेवक मुकेश कुमार को ऐसा करने से मना किया तो उसके द्वारा एससी/एसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है। पंचायत सचिव ने बताया कि उसको ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि इसके द्वारा पूर्व में भी ऐसे ही फर्जी मुकदमे दर्ज कराये गये हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोजगार सेवक मुकेश कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# वन महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन विद्यालय में किया वृक्षारोपण



पौधारोपित करते शिक्षक, विद्यार्थी एवं वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के वन दरोगा रवि कुमार तथा वनकर्मियों कुलदीप सिंह व नैन सिंह आदि ने मौ. अलीपुर पट्टाघाट के प्राइमरी स्कूल में पहुंचकर शिक्षकों एवं बच्चों के साथ वन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर रवि कुमार ने जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला और शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर आम, अमरूद, जामुन आदि के 25 पौधे लगाएं। प्रधानाध्यापक विनय वर्मा एवं शिक्षक नरेश कुमार ने रोंपे गए पौधों के संरक्षण का संकल्प दोहराया और इसके लिए बच्चों को भी प्रेरित किया। रवि कुमार ने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान 285 पौधे लगाए एवं वितरित किए गए हैं।

# जामुन तोड़ते समय पेड़ से गिरकर हुई मौत

**मंडावर ( चिंगारी )।** गांव कीहरपुर निवासी बिजेंद्र पुत्र धर्मपाल का शव पेड़ के नीचे पड़ा मिला। वह गंगा नदी पार खेत की रखवाली करने गया था। परिवार वालों ने जामुन तोड़ते समय पेड़ से गिरकर मौत की बात कहते हुए पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बिजेंद्र गंगा नदी पार अपने खेत की रखवाली करने गया। मंगलवार की शाम उसके परिजन खेत पर पहुंचे तो वह जामुन के पेड़ के नीचे मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर मंडावर पुलिस गांव पहुंची और पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन मृतक के परिजनों ने बताया कि बिजेंद्र खेत में खड़े जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था, तभी गिरने से उसकी मौत हो गई।

# गुरूद्वारे के बाहर नज़र आया गुलदार, ग्रामीणों में दहशत



**नहटौर ( चिंगारी )।** गांव सिजौली में गुलदार (तेंदुआ) की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीती देर रात गांव के गुरुद्वारे के पास गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार सिजौली गांव के गुरुद्वारे के ज्ञानी रघुवीर सिंह को देर रात गुरुद्वारे के बाहर कुछ अजीब आहट और चहलकदमी सुनाई दी। जब उन्होंने सतर्कता बरतते हुए अंदर लगी सीसीटीवी कैमरे की एलसीडी स्क्रीन पर देखा, तो उनके होश उड़ गए। गुरुद्वारे के ठीक बाहर एक गुलदार घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। जो गुरुद्वारे के चारों ओर चक्कर लगा रहा था। ज्ञानी रघुवीर सिंह ने तुरंत इस बात की जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। जानकारी होने पर सरदार नरेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, बलजिन्दर सिंह, बलजीत सिंह भगवन्त सिंह आदि ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर इकट्ठा हो गए, लेकिन तब तक गुलदार वहां से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की लगातार दस्तक से लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। किसानों को अपने खेतों पर जाने में भी जान का खतरा सता रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मामले को गंभीरता से लेने और गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# नवागत डीआई का स्वागत किया



## स्थानान्तरित डीआई को विदाई दी

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के ग्राम दयालवाला में केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा औषधि निरीक्षक पीयूष शर्मा का कमर हैदर ने मल्यार्पण कर तथा शील्ड देकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व औषधि निरीक्षक उमेश भारती को विदाई दी गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार व जिलाउपाध्यक्ष सोनू चौधरी का केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रजनीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खालिद हसन, मौहम्मद मसी उल इस्लाम, दिनेश राजपूत, विशाल, कर्णवाल, नरेश राजपूत, शानू मकरानी, दिवेश राजपूत ओम प्रकाश आकाश बालियान शेखर राजपूत, लक्ष्मी चंद, राकेश, महेंद्र, मनीष, पिंटू राजपूत, मनीष, पिंटू, आशीष आदि मौजूद रहे।

# युवक की आकस्मिक मौत से शोक व्याप्त

**झालू ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला चौधरियान में एक युवक की आकस्मिक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला चौधरियान निवासी टिंकू (25 वर्ष) की मंगलवार देर रात अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसको पहले बिजनौर और फिर मेरठ अस्पताल लेकर गये, लेकिन इतनी कोशिश के बावजूद उसको बचाया नहीं जा सका। मृतक युवक टिंकू खुशमिजाज व मिलनसार युवक था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं काफी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की है। सूचना मिलने पर झालू पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बच्चों के दांतों और मसूड़ों की सफाई आवश्यक - डा. गीत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के युवा दंत चिकित्सक (सर्जन) डा. गीत कुमार बच्चों के दांतों की विशेष देखभाल की सलाह दी है। चिंगारी के साथ भेंट वार्ता में डा. गीत ने कहा कि बच्चों के मुंह में जैसे ही पहला दांत निकले, उसी समय से उनके दांत साफ करना शुरू कर दें। देर करने से कैविटी होने की संभावना बढ़ जाती है।



उन्होंने बताया कि बच्चों के लिये विशेष रूप से बनाये गये टूथपेस्ट का ही इस्तेमाल करें। छोटे बच्चों के दांत साफ करने के लिये माता-पिता फिंगर टूथब्रश का उपयोग कर सकते हैं। डा. गीत के अनुसार जिन शिशुओं के अभी दांत नहीं निकले हैं, उनके लिये स्तनपान के बाद मुलायम सूती कपड़े को गुनगुने पानी में भिगोकर मसूड़ों और मुंह की सफाई करें।

## 12 निजी तकनीकी व प्रबंध संस्थानों में नए दाखिले पर लगाई रोक

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये उत्तर प्रदेश के 12 निजी तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने (प्रोग्रेसिव क्लोजर) की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही संस्थानों में नए छात्रों का प्रवेश पूरी तरह बंद हो जाएगा। हालांकि, पहले से दाखिला ले चुके छात्रों की पढ़ाई पूरी होने तक संस्थानों को सभी शैक्षणिक सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध करानी होंगी।

# पुलिस का वारदातें रोकने पर जोर सिपाही की मोटरसाइकिल ले गया चोर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जब पुलिस के वाहन ही सुरक्षित नहीं तो आम लोगों का क्या होगा। थानाध्यक्ष संजय तोमर को आये हुए सप्ताह भी नहीं हुआ और निराले अंदाज मे चोरों ने दस्तक दे दी। आवास के बाहर खड़ी सिपाही की मोटरसाइकिल पर ही हाथ साफ कर दिया। सोमवार को थाने में तैनात सिपाही राजू दिवाकर अपने किराए के आवास मोहल्ला पटवारियान पर पहुंचे और मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर अंदर चले गये। थोड़ी देर बाद जब सिपाही राजू दिवाकर बाहर आये तो मोटरसाइकिल गायब थी। दुकानदारों के पास जाकर सीसीटीवी फुटेज भी चैंक किए, लेकिन मोटरसाइकिल का पता नहीं चल सका। जब इस सम्बंध मे पुलिस से जानकारी की गयी तो पुलिस बचती नजर आयी पुलिस वाले कहते नजर आये कि कोई जानने वाला लेकर गया है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सतीश कुमार व उसकी पत्नी जिज्ञासा जो मुझे व मेरी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिये मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**- मंगल सिंह पुत्र बलवीर सिंह, निवासी ग्राम शेखपुर पित्था, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# चढ़ावा चोरी पर चंपत राय ने चुप्पी तोड़ी

## बोले- एसआईटी रिपोर्ट के बाद सामने आएगा पूरा सच

**लखनऊ/अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री चंपत राय ने राम मंदिर दानपात्र में कथित चोरी के मामले को लेकर पहली बार सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखी है। श्री राय ने छह जुलाई को अयोध्या से रामभक्तों के नाम लिखे अपने हस्तलिखित पत्र में कहा है कि 10 जून से दानपात्र की गणना के दौरान हुई कथित अनियमितता को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं और उन पर भी बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। हालांकि उन्होंने इस पूरे विवाद पर मौन रहने का निर्णय लिया है। उन्होंने पत्र में बताया कि छह जुलाई को हुई श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में मामले की जांच कर रही एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट मूल रूप से गोपनीय थी, लेकिन अब सार्वजनिक हो चुकी है। उन्होंने



भरोसा दिलाया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और पूरे मामले की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। अपने ऊपर लगे आरोपों के बीच श्री चंपत राय ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में अयोध्या भेजा गया था और संगठन के प्रचारक के रूप में उनका 45 वर्षों का जीवन पूरी तरह सार्वजनिक और पारदर्शी रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां उन्होंने कार्य किया, उनका जीवन एक खुली किताब की तरह रहा है। पत्र के अंत में चंपत राय ने सभी रामभक्तों को आदरपूर्वक नमन करते हुए धैर्य बनाए रखने की अपील की और विश्वास जताया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो जाएगी।

# स्कूल में घुसे तमंचे के बल पर शिक्षिका का मंगलसूत्र लूटा

**बलिया ( एजेंसी/चिंगारी )।** सोमवार सुबह प्राथमिक विद्यालय परिसर में घुसकर दो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर सहायक अध्यापिका से मंगलसूत्र लूट लिया। वारदात के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम उनकी तलाश में जुटी है। तकनीकी जांच में बदमाशों की लोकेशन मऊ जिले के घोसी तक मिली है। मऊ निवासी सहायक अध्यापिका अनुपमा सिंह पटेल भीमपुर थाना क्षेत्र में टंडवा प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं।

# छतरी वाले कुएं पर गिरा पीपल का पेड़


छतरी वाले कुएं के ऊपर गिरा पीपल का प्राचीन वृक्ष

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। सैकड़ों वर्ष पुराना पीपल का वृक्ष छतरी वाले कुएं के ऊपर गिर जाने से कुएं पर डाली गई छत आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई तथा दरवाजे का एक पल्ला भी टूट गया। नांगल सोती में जल निगम के ओवरहेड टैंक के समीप छतरी वाला कुआं है। उक्त कुआं नांगल की मुख्य पहचानों में से एक है। कुएं के ऊपर मोटी-मोटी लकड़ियां रखकर लोहे के जाल से उसे बंद किया गया है, जबकि कुएं के ऊपर छत भी डाली गयी है। कुएं के समीप सुधाकर शुक्ला की भूमि में पीपल का एक प्राचीन तथा विशाल वृक्ष खड़ा था। मंगलवार की दोपहर पीपल का उक्त वृक्ष बारिश के साथ आई हल्की हवा में ही कुएं के ऊपर गिर गया, जिससे कुएं पर डाली गयी छत आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। लोहे के गेट का एक पल्ला टूट गया। चहारदीवारी भी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि कुएं के पास से गुजर रही विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से मुहल्ले की विद्युतापूर्ति भी घंटों तक ठप रही। विद्युतकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लाइन को ठीक गया। मुहल्ले के निवासी योगेश शुक्ला ने बताया कि पीपल का उक्त वृक्ष लगभग ढाई सौ वर्ष पुराना था। कभी नांगल में भी मुहर्रम का जुलूस निकलता था और इसी पेड़ के सामने से गुजरता था। कई दशक पूर्व ताजिये की ऊंचाई ज्यादा होने के कारण जुलूस के आयोजक उक्त पेड़ की शाखा को काटना चाहते थे, जिसका मुहल्ले वालों ने विरोध किया था। इसके चलते नांगल में मुहर्रम का जुलूस निकालना आयोजकों ने बंद कर दिया था।

# बारिश से किसानों के चेहरे खिले फसलों को जैसे नये प्राण मिले

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। मंगलवार को हुई अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल गये। किसानों का कहना है कि इस बारिश से गन्ने की फसल को जहां भारी लाभ पहुंचेगा, वहीं धान (मूंजी) की रोपाई में भी अब तेजी आयेगी। मंगलवार को बदरा खुलकर बरसे, तो अन्य लोगों के साथ-साथ किसानों के चेहरे भी खिल उठे। किसानों का कहना है कि मानसून की यह पहली बारिश फसलों के लिये काफी लाभकारी सिद्ध होगी। यह बारिश फसलों के लिये खाद का काम करेगी। किसानों युधिष्ठिर अहलावत, जितेन्द्र सिंह, राजीव कुमार, संजय राजपूत ने बताया कि इस बारिश से गन्ने की फसल को काफी लाभ होगा। कई दिनों से भयंकर गर्मी पड़ रही थी, जिससे गन्ने की फसल की बढ़वार प्रभावित हो रही थी। वीरेश चौधरी, सोमवीर सिंह, अजय बालियान, हुकम सिंह, रोहित कुमार ने बताया कि अभी तक धान (मूंजी) की रोपाई बहुत कम हो रही थी। किसानों को मानसून की पहली अच्छी बारिश का इंतजार था। बारिश होने के बाद अब मूंजी की रोपाई में तेजी आयेगी। किसान चारे की फसल की बुआई भी करेंगे।

# ट्रांसफार्मर में हुए धमाके, राहगीरों ने जान बचाई दूर जा के

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। कल देर शाम मुख्य बाजार में रखे 250 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में आतिशबाजी जैसे धमाकों के साथ फाल्ट हो गया तथा उससे जुड़ी लीड में आग लग गई। इससे आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। यहां मुख्य बाजार में पुलिया के पास स्थित एक स्थान पर 100 केवीए तथा 250 केवीए के दो विद्युत ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। कल देर शाम 7.50 बजे 250 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में आतिशबाजी की तरह तेज धमाके होने लगे। धमाकों की आवाज तथा ट्रांसफार्मर से निकलती चिंगारियों के कारण वहां लगी ठेलियों पर खड़े ग्राहकों तथा दुकानदारों में भगदड़ मच गई। सड़क पर मौजूद राहगीर भी भाग खड़े हुए। ट्रांसफार्मर से जुड़ी लीड में भी आग लग गई। विद्युतापूर्ति बंद कराकर लीड में लगी आग को बुझाया गया। यह ट्रांसफार्मर मुख्य रूप से मुहल्ला कैथवाड़ा को विद्युतापूर्ति करता है। तुरंत ही विद्युतकर्मी ट्रांसफार्मर की जांच करने पहुंचे। फुंकी लीड को जोड़कर विद्युत आपूर्ति चालू कराई गई, तो ट्रांसफार्मर सही निकला। विद्युतापूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की। बता दें कि चंद दिनों पहले वहां रखे 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में धमाका होने से उसका तेल बाहर निकल गया था तथा वह खराब हो गया था। सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने उसी दिन दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाकर अगली सुबह तक विद्युतापूर्ति बहाल करा दी थी।

# हारी हुई सीटों को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

## रालोद के साथ होगा लाभ, सपा के पीडीए फॉर्मूले को ऐसे देगी मात

**मेरठ ( चिंगारी )**। भाजपा अपनी सारी रणनीति 2027 के मिशन यूपी को लेकर बना रही है। सपा ने जिस पीडीए फॉर्मूले के सहारे 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कई स्थानों पर रोक दिया था, उसे मात देने के लिए भाजपा रणनीति बना रही है। पीडीए की अहम घटक जातियों के नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण पद देकर भाजपा पश्चिमी यूपी की हारी हुई सीटों पर फिर से कमल खिलाने की रणनीति बना रही है। प्रदेश में किसानों को किए गए रिकॉर्ड गन्ना भुगतान को भी मजबूती से पेश किया जाएगा। मेरठ जिले की चार विधानसभा सीटों पर 2022 के चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। सरधना विधानसभा सीट पर चर्चित संगीत सोम को सपा-रालोद गठबंधन के अतुल प्रधान ने मात दी थी। सिवाल खास सीट पर भाजपा के मनिंदरपाल सिंह को सपा-रालोद के गुलाम मुहम्मद ने पटखनी दी। इसी तरह से मेरठ शहर सीट पर सपा-रालोद के रफीक अंसारी ने भाजपा उम्मीदवार कमलदत्त शर्मा को हराकर दूसरी बार जीत हासिल की। भाजपा की चौथी हार किठौर विधानसभा क्षेत्र में हुई। यहां पर सपा-रालोद के शाहिद मंजूर ने भाजपा प्रत्याशी सत्यवीर त्यागी को हराकर विधानसभा की कुर्सी हासिल की। अब इन हारी हुई सीटों पर फिर कमल खिलाने की भाजपा ने रणनीति बनाई है। शामली जनपद की तीन सीटें शामली, कैराना और थानाभवन में से एक भी सीट पर भाजपा नहीं जीत पाई। इसी तरह मुजफ्फरनगर की छह सीटों में से सदर सीट और खतौली पर भाजपा जीती। मीरापुर, पुरकाजी, चरथावल और बुढ़ाना सीट पर निवर्तमान सभी चारों विधायक हार गए। उप चुनाव में खतौली सीट भी भाजपा हार गई। सहारनपुर में भी भाजपा की दुर्गति हुई, सात सीटों में से वहां बेहट और सहारनपुर देहात सीट पर हार मिली। बागपत में छपरौली सीट पर भाजपा को हारी। इसी तरह मुरादाबाद मंडल के जिलों में भी भाजपा को कई सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा। गाजियाबाद, हापुड़ व बुलंदशहर जिलों में भाजपा का सम्मान बचा था। भाजपा ने सपा के पीडीए फॉर्मूले को मात देने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। गुर्जर जाति के नवाब सिंह नागर को भाजपा ने पश्चिम क्षेत्र का अध्यक्ष बनाकर ओबीसी समुदाय को बड़ा संदेश दिया है। जाट समाज से आने वाले पुराने कैडर के नेता चौधरी देवेंद्र सिंह को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर किसानों को साधने की कोशिश की गई है।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# ईकड़ा नदी को कब्जामुक्त कराया, खुदाई व सफाई अभियान चलाया

## एसडीएम के आदेश पर शुरू हुआ कार्य



**नींन्दडू ( चिंगारी )।** नीन्दडू क्षेत्र के किसानों की शिकायतों के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ईकडा नदी पर से अवैध कब्ज़ाधारियों से कब्ज़ा मुक्त कराकर जेसीबी की मदद से ईकड़ा नदी की खुदाई-सफाई अभियान के रूप में शुरू किया गया।

विवरण के अनुसार नीन्दडू क्षेत्र से गुज़र कर कडूला नदी में मिलने वाली ईकड़ा नदी के समीपवर्ती किसानों द्वारा उस पर अवैध कब्ज़े कर अपनी कृषि भूमि में शामिल कर लिया गया है। जिस कारण पानी निकासी पूर्ण रूप से बाधित हो चुकी है और प्रति वर्ष बरसात के मौसम में सैकड़ों बीघा कृषि भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हो जाती रही हैं परन्तु किसानों की समस्या के समाधान हेतु कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका और प्रति वर्ष जल भराव से सैकड़ों बीघा जंगल पर खड़ी फसलों का बड़ा नुक़सान किसानों को उठाना पड़ता रहा है।

उधर बरसाती पानी निकासी बाधित रहने के कारण नीन्दडू अथाईं मार्ग व नीन्दडू मधी घाट पर पानी का स्तर बढ़ जाने के समय नीन्दडू से सम्बन्धित ग्राम अथाईं शेख, मटौरा मान, मटौरा दरगाह, बसेड़ा आदि व मधी, किरार खेडी आदि आधा दर्जन गांवों का या तो सम्पर्क टूट जाता है या बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान में नीन्दडू अथाईं मार्ग पर ईकडा पुल तो निर्माणाधीन है जिससे सम्बंधित ग्रामीणों को बड़ी राहत पहुंचने की आशा प्रबल भी हुई है परन्तु स्वार्थी किसानों द्वारा ईकड़ा नदी को पाटकर उसके अस्तित्व को समाप्त कर देने से बरसात के मौसम में फसलों को बर्बाद करने वाला बढ़ा जल स्तर बड़ी समस्या है। उसी के निस्तारण हेतु सम्बन्धित आज़म अली, अख्तर अली शबाब आदि क्षेत्रीय किसानों की मांग पर उपजिलाधिकारी धामपुर के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल अंजलि त्यागी ने पैमाइश कर ईकड़ा नदी का सीमांकन करते हुए अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान जारी किया है और नक्शा नजरी के अनुसार स्थित ईकडा जेसीबी मशीन से खुदवा कर पानी निकासी को सुचारू करने का काम किया जा रहा है। लेखपाल अंजलि त्यागी ने बताया कि यह क्षेत्र के किसानों की गम्भीर समस्या लम्बे समय से लंबित है, जिसके निस्तारण हेतु किसानों द्वारा पार्टी गयी ईकड़ा जेसीबी की मदद से खुदवा कर कब्ज़ा मुक्त कराना ही एक मात्र हल है।

# सिद्धबली मंदिर परिसर तक, हाथी देने लगे दस्तक

## क्षेत्रवासी व श्रद्धालुओं में छा रही है दहशत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों से सटे ग्रास्टनगंज क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। पिछले एक सप्ताह से हाथी शाम ढलते ही आबादी की बीच पहुंच रहे हैं। वहीं, सिद्धबली मंदिर परिसर तक भी हाथियों की दस्तक से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में भय बना हुआ है। हाथियों की आमद को देखते हुए वन विभाग ने गश्त बढ़ा दी है। हाथियों की आबादी वाले क्षेत्रों में बढ़ती धमक से कोटद्वार के सिद्धबली-सनेह मार्ग और ग्रास्टनगंज के लोग दहशत में हैं। पिछले कई दिनों से सिद्धबली-सनेह मार्ग पर हाथियों की धमक बनी हुई है। आए दिन हाथी मार्ग से होते हुए सिद्धबली मंदिर की पार्किंग स्थल पर पहुंच रहे हैं। देर रात तक आबादी में बनी हाथियों की धमक ने आसपास के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार रात भी हाथी ग्रास्टनगंज स्थित एक आवासीय परिसर में घुस गया। सिद्धबली-सनेह मार्ग का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। यही कारण है कि मार्ग पर आए दिन हाथियों की धमक बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी में बढ़ रही हाथियों की धमक ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। रात के अंधेरे में हाथी कब किस पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में वन विभाग को समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए।

### रेंजर का कहना है-

**रेंजर विपिन जोशी ने बताया कि हाथियों की आमद को देखते हुए वनकर्मियों की गश्त बढ़ाई गई है। उन्होंने हाथियों के नजदीक न जाने की अपील भी की है।**

# हनी तोमर बने रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष



**चांदपुर ( चिंगारी )।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नजदीकी युवा नेता हनी तोमर के युवा रालोद का क्षेत्रीय अध्यक्ष (रूहेलखंड) बनाये जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। समर्थकों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई। ग्राम पीपल साना निवासी हनी तोमर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के करीब हैं। जयंत चौधरी के निर्देश पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र पटेल ने हनी तोमर को क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड की जिम्मेदारी सौंपते हुए उनसे पार्टी को ओर मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# मनसा देवी रोपवे आज से 11 जुलाई तक रहेगा बंद

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** मनसा देवी रोपवे आठ जुलाई से 11 जुलाई तक मरम्मत कार्यों के चलते बंद रहेगा। चंडी देवी रोपवे पर भी 13 से 16 जुलाई तक अर्धवार्षिक रखरखाव कार्य किए जाएंगे। इसके चलते चंडी देवी रोपवे इस अवधि में बंद रखा जाएगा। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी ऊषा ब्रेको लिमिटेड के महाप्रबंधक मनोज डोभाल ने बताया कि अर्धवार्षिक मेंटीनेंस कार्य के चलते दोनों रोपवे चार-चार दिन बंद रखे जाएंगे। मनसा देवी की रोप जून में बदली गई थी। 10 जुलाई को ब्रिडकुल की ओर से नामित समिति इसका तकनीकी निरीक्षण करेगी। दोनों रोपवे बंद रहने की अवधि में श्रद्धालुओं को पैदल मार्ग से ही माता मनसा देवी और चंडी देवी के दर्शन के लिए जाना होगा।

# महिलाओं ने किया सहभोज



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति संगठन की बहनों ने मिलकर संगठन की मंत्री श्रीमती अंशु विश्नोई के आवास (इंदिरा विहार कॉलोनी) में सहभोज का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि सहभोज का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा, एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। यह जात-पात और भेदभाव को मिटाकर रिश्तों को मजबूत करता है। सहभोज कार्यक्रम में संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, गार्गी अग्रवाल, उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, पूनम शर्मा मंत्री, मनीषा गुप्ता, रश्मि तोमर, सुनीता शर्मा, सदस्य मंजू शर्मा, आशा रानी, मोना शर्मा आदि उपस्थित रही।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# लैंसडौन से डेरियाखाल, मार्ग हो रहा बदहाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लैंसडौन से दो किलोमीटर की दूरी पर डेरियाखाल तक के बदहाल मार्ग के सुदृढ़ीकरण की मांग स्थानीय लोगों ने की है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग लैंसडौन के अधिशासी अभियंता के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा है, जिसमें कहा गया कि उच्च न्यायालय द्वारा साल 2022 में जारी एक आदेश में लोनिवि लैंसडौन को लैंसडौन से डेरियाखाल तक के जर्जरहाल मार्ग का जनहित में सुदृढ़ीकरण करने को कहा गया था लेकिन लोनिवि द्वारा कुछ दूरी तक ही मार्ग को पक्का किया, शेष मार्ग को जस का तस छोड़ दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मार्ग पर कई भूस्वामियों की भूमि भी है, लेकिन इस मार्ग की मरम्मत न होने से उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बाड़ियूं ग्रामसभा की ग्राम प्रधान रामी देवी, स्वर संस्था की सचिव लता खंडेलवाल, पूर्व प्रधान रचना रावत ने शासन से उच्च न्यायालय के आदेशों को गंभीरता से लेते हुए बदहाल मार्ग की सुध लेने की मांग की है।

# कोटद्वार-दुगड्डा के बीच दुर्घटनाएं रोकने की योजना तैयार

## एनएच के किनारे लगाये जायेंगे क्रश बैरियर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार दुगड्डा के बीच दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एनएच खंड धुमाकोट की ओर पुख्ता इंतजाम करने की योजना तैयार कर ली गई है, जिसके तहत राजमार्ग के किनारे क्रश बैरियर लगाए जाएंगे। एक इंच जगह भी खाली नहीं छोड़ी जाएगी। इसके लिए एनएच खंड की ओर से भारत सरकार को लगभग 32 करोड़ का इस्टीमेट भेजा गया है।

कोटद्वार-सतपुली-पौड़ी-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलग-अलग जगहों पर दरकते पहाड़ और भू-धंसाव के चलते सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कई जगहों पर संकरी हो गई है। सुरक्षा के लिए आवश्यक क्रश बैरियर सीमित स्थानों पर ही लगे होने से वाहनों की आवाजाही के समय खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में कई संवेदनशील क्षेत्रों में खतरा और भी बढ़ जाता है। विभाग का कहना है कि सिद्धबली मंदिर से चूनाधारा के बीच राजमार्ग पर दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने की योजना तैयार की गई है, जिससे कोई भी वाहन अनियंत्रित होकर सीधे खाई में न गिरे। वर्षा जल निकासी के लिए कच्ची व पक्की नाली का भी निर्माण किया जाएगा साथ ही भूस्खलन रोकने के लिए पुश्ते का निर्माण किया जाएगा। जलभराव क्षेत्र में इंटरलॉक टाइल्स लगाकर सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए सुविधाजनक बनाने का भी प्रयास रहेगा। एनएच विभाग के अपर सहायक अभियंता आशीष सैनी ने बताया कि सिद्धबली से चूनाधारा तक राजमार्ग को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने के लिए 32 करोड़ का इस्टीमेट सरकार को एक माह पूर्व भेजा गया है। बजट स्वीकृत होने पर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## एफबीआई ने 'ऑपरेशन हार्डबॉल' के तहत लॉरेंस के नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कनाडा और स्पेन के साथ मिलकर 'ऑपरेशन हार्डबॉल' के तहत गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े कथित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को निशाना बनाते हुए 50 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया कि 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया और अमेरिकी अदालत में 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस कथित नेटवर्क पर हत्या, ड्रग तस्करी और जबरन वसूली जैसे आरोप हैं। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार आरोप पत्र में यह भी कहा गया है कि यह नेटवर्क कनाडा में प्रमुख कनाडाई सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या से जुड़ी साजिश में शामिल था।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# देश-विदेश तक फैला नेटवर्क, हत्या, रंगदारी और साजिशें...

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग की खौफनाक करतूत



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत में संगठित अपराध की दुनिया में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सबसे चर्चित माना जाता है। इस गैंग पर हत्या, हत्या की साजिश, रंगदारी, धमकी और संगठित अपराध से जुड़े कई गंभीर आरोप हैं। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में लॉरेंस बिश्नोई और उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच एजेंसियां लंबे समय से इस गैंग के नेटवर्क को तोड़ने में जुटी हुई हैं। लॉरेंस बिश्नोई और उसके करीबी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ पर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोप है। इसके अलावा लॉरेंस बिश्नोई, उसके भाई अनमोल बिश्नोई और गैंग के अन्य सदस्यों पर मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का भी आरोप लगा है। इन मामलों की जांच विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई और कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया। हालांकि सभी मामलों में अंतिम फैसला अदालत को करना है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की कथित साजिश रचने और उनके मुंबई स्थित घर के बाहर फायरिंग करवाने के आरोप भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर लगे हैं। इसके अलावा दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, मुंबई और पुणे समेत कई शहरों में व्यापारियों, उद्योगपतियों और अन्य लोगों से रंगदारी मांगने के अनेक मामले दर्ज हैं। पंजाब, दिल्ली और राजस्थान में हत्या के कई मामलों में भी इस गैंग का नाम सामने आ चुका है। गैंग का सरगना लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, उसके जेल में रहने के दौरान उसका भाई अनमोल बिश्नोई विदेश से गैंग का संचालन करता रहा। बाद में अनमोल बिश्नोई अमेरिका में पकड़ा गया और उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। एजेंसियों का मानना है कि गैंग ने विदेश में बैठे अपने सदस्यों के जरिए भारत में आपराधिक गतिविधियों को जारी रखा। लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क से राजस्थान का गैंगस्टर रोहित गोदारा और पंजाब का गैंगस्टर गोल्डी बराड़ भी लंबे समय तक जुड़े रहे। हालांकि हाल ही में रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि अब उनका लॉरेंस बिश्नोई से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद जांच एजेंसियां इन गैंगस्टरों की गतिविधियों और आपसी संबंधों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बताया जाता है कि गैंग के कई सदस्य भारत से फरार होकर कनाडा, अमेरिका और यूरोप के अलग-अलग देशों में शरण लेकर छिपे हुए हैं।

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर